वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002, में, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रतिभूत लेनदार द्वारा खाते को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद प्रतिभूति हित के प्रवर्तन का प्रावधान शामिल हैं।

(ख): भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, एसबीआई सुरक्षा ऋण अप्रैल, 2018 से अप्रतिभूत ऋण है। एसबीआई ने यह भी सूचित किया है कि सुरक्षा ऋण को कवर करने के लिए बैंक द्वारा वित्तपोषित आवासीय संपत्ति पर बंधक का विस्तार अनिवार्य नहीं है। तथापि, भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि सुरक्षा ऋण के करार में संपत्ति पर सामान्य ग्रहणाधिकार के उपयुक्त खंड को शामिल किया गया है।

(ग): भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार, मई, 2012 के अनुदेशों के अनुसार एसबीआई सुरक्षा ऋण उत्पाद के अंतर्गत स्वीकृत राशि को न्यायसंगत बंधक या न्यायसंगत बंधक (ईएम) के विस्तार द्वारा कवर किया जाना अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह वैकल्पिक था और अप्रैल, 2018 के अनुदेशों तक सुरक्षा ऋण खाते को गृह ऋण खाते से जोड़ा जाना जारी रखा गया था। एसबीआई के अप्रैल, 2018 के परिपत्र के अनुसार, अंतर्निहित आवास ऋण के साथ लिंकेज को वापस ले लिया गया था, जिससे सुरक्षा ऋण के लिए न्यायसंगत बंधक के विस्तार को पूर्णत: वापस ले लिया गया था।

(घ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि व्यक्तिगत खातों में से किसी खाते के अनर्जक आस्ति (एनपीए) हो जाने पर एक ही ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ) के अंतर्गत आने वाले सभी खातों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिभूत खातों में सरफासी कार्रवाई की जाती है।

(ङ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि जब कोई एसबीआई आवास ऋण खाता अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तो भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशानुसार एक ही ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ) के अंतर्गत आने वाले सभी ऋण खातों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त उत्तर के अनुसार सरफासी कार्रवाई केवल प्रतिभूत खातों में ही की जाती है।

*****

मूल उत्तर

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5085

जिसका उत्तर 04 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक) को दिया गया

ऋणों का एकीकरण

5085. श्री बी. मणिक्कम टैगोरः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 'सरफेसी' अधिनियम, 2002 के तहत दो सुरक्षित ऋणों के एकीकरण की अनुमति है और यदि हाँ, तो किन शर्तों के अंतर्गत इसकी अनुमति है;

(ख) क्या एसबीआई आवास ऋण की राशि के साथ एसबीआई सुरक्षा ऋण की राशि की संस्वीकृति असुरक्षित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एसबीआई सुरक्षा ऋण उत्पाद के अंतर्गत संस्वीकृत राशि सामायिक बंधक या सामायिक बंधक के विस्तार के अंतर्गत की गई है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एसबीआई 'सरफेसी' अधिनियम, 2002 को लागू करता है जब एसबीआई आवास ऋण गैर-निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत नहीं हो, लेकिन संबद्ध एसबीआई सुरक्षा ऋण खाते को गैर-निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरफेसी अधिनियम, 2002 लागू करता है, जब एसबीआई आवास ऋण खाते को गैर-निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत करता हो, लेकिन संबद्ध एसबीआई सुरक्षा ऋण खाते को गैर-निष्पादित आस्तियों के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया हो और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क): अग्रिमों के संबंध में आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से संबंधित विवेकपूर्ण मानदंड पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिनांक 1.10.2021 के मास्टर परिपत्र के पैरा 4.2.7.1 के अनुसार, बैंक द्वारा किसी उधारकर्ता को दी गई सभी सुविधाएं और उस उधारकर्ता द्वारा जारी सभी प्रतिभूतियों में किए गए निवेश को अनर्जक आस्ति (एनपीए)/अनर्जक निवेश (एनपीआई) माना जाएगा, न कि किसी सुविधा विशेष/निवेश या उसके किसी भाग को, जो अनियमित हो गया हो।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002, में, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रतिभूत लेनदार द्वारा खाते को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद प्रतिभूति हित के प्रवर्तन का प्रावधान शामिल हैं।

(ख): भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, एसबीआई सुरक्षा ऋण फरवरी, 2018 से अप्रतिभूत ऋण है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचित किया है कि बैंक द्वारा वित्तपोषित आवासीय संपत्ति पर बंधक के विस्तार में सुरक्षा ऋण को कवर करना अनिवार्य नहीं है। तथापि, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचित किया है कि सुरक्षा ऋण के करार में संपत्ति पर साधारण धारणाधिकार के उपयुक्त खंड को शामिल किया गया है।

(ग): भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार, फरवरी, 2018 से एसबीआई सुरक्षा ऋण उत्पाद के अंतर्गत स्वीकृत किए गए ऋण यथार्थ बंधक द्वारा कवर नहीं किए गए हैं। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचित किया है कि फरवरी, 2018 से पहले स्वीकृत सुरक्षा ऋण को आवासीय ऋण संपत्ति के बंधक का विस्तार करके कवर किया गया था।

(घ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि व्यक्तिगत खातों में से किसी खाते के अनर्जक आस्ति (एनपीए) हो जाने पर एक ही ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ) के अंतर्गत आने वाले सभी खातों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और प्रतिभूत खातों में सरफासी कार्रवाई की जाती है।

(ङ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि जब कोई एसबीआई आवास ऋण खाता अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तो भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशानुसार एक ही ग्राहक सूचना फाइल (सीआईएफ) के अंतर्गत आने वाले सभी ऋण खातों को अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त उत्तर के अनुसार सरफासी कार्रवाई केवल प्रतिभूत खातों में ही की जाती है।

*****

14.13 hrs

BUSINESS OF THE HOUSE

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 20th of March, 2023 will consist of:

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's order paper:- [it contains (i) General Discussion on Budget of Union Territory of Jammu & Kashmir for 2023-24 (ii) Discussion and Voting of Demands for Grants for the Union Territory of Jammu & Kashmir for the financial year 2023-24 from 1st April 2023 to 31st March 2024 and introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bill (iii) Discussion and Voting on Supplementary Demands for Grants for the Union Territory of Jammu & Kashmir for financial year 2022-23 from 1st April 2022 to 31st March 2023 and introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bill (iv) Discussion and Voting of Second and Final Batch of Supplementary Demands for Grants for 2022-23 and introduction, consideration and passing of the related Appropriation Bill, and (v) Discussion and voting on Demands for Grants for 2023-24 under the control of the Ministry of Railways]
2. Discussion and Voting on Demands for Grants for 2023-24 of the following Ministries:-

(i) (a) Rural Development (b) Panchayati Raj [to be taken up together]

(ii) Tribal Affairs

(iii) (a) Tourism (b) Culture [to be taken up together]

(iv) Health and Family Welfare

3. Guillotining of outstanding Demands for Grants in respect of Union Budget for 2023-24.

4. Consideration and passing of the Finance Bill, 2023.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम-377 के तहत मेंबर्स अपने महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहते हैं। मेरी आप सभी से प्रार्थना है कि आप सभी अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए और सभा की कार्यवाही शांति से चलने दीजिए।

… (व्यवधान)

14.15 hrs

MATTERS UNDER RULE 377*

माननीय सभापति : जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामले को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने अनुमोदित पाठ को तुरंत व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

… (व्यवधान)

(i) Need to sanction a sports training centre in Satna Parliamentary Constituency

श्री गणेश सिंह (सतना): दुनिया के खेल जगत में भारत के खिलाड़ी बहुत तेजगति से आगे बढ़ रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के खेलो इंडिया खेलो का जो कार्यक्रम है, उसके अन्तर्गत खिलाड़ियों को प्रशिक्षण करके उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलो के लिये तैयार किया जा रहा है। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र सतना में सबसे पहले विभिन्न खेलों की सांसद ट्राफी का आयोजन वर्ष 2011 से लगातार कर रहा हूँ। मेरा शहर सतना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में है। साथ ही 35 करोड़ रूपये की लागत से मल्टी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बन रहा है। दादा सुखेन्द्र स्टेडियम का 8 करोड़ रूपये की लागत से उसका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। धवारी क्रिकेट स्टेडियम को भी 6 करोड़ रूपये की लागत से नई सुविधा के रूप में विकसित किया जा रहा है। लगातार मेरी मांग सतना में साई प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की है, लेकिन आज तक नहीं मिला। खेलो इंडिया खेलो के तहत बैडमिन्टन का प्रशिक्षण मिला है। लेकिन फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीवॉल, कबड्डी जैसे कई ओलम्पिक गेम्स हैं, जो बड़ी मात्रा में हमारे यहाँ खेले जाते हैं। इनमें से किसी खेल का प्रशिक्षण केन्द्र सतना में दिया जाए।

* Treated as laid on the Table

(ii) Need to provide social security benefits to beedi workers in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh and also construct an ESIC Hospital in the area

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): मैं सरकार का ध्यान बीड़ी मजदूरों की स्वास्थ्य चिंता की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। कौशाम्बी, प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में लाखों की संख्या में बीड़ी मजदूर हैं, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी काम करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में 45 लाख बीड़ी श्रमिक हैं। इनमें से अधिकांश घर से काम करने वाली महिला श्रमिक हैं। बीड़ी उधयोग से सरकार को करोड़ों रूपये का राजस्व प्राप्त होता है इसलिए बीड़ी श्रमिकों की जिम्मेदारी भी सरकार को लेनी चाहिए। इन श्रमिकों को सामूहिक बीमा योजना में स्वाभाविक दुर्घटना में मृत्यु लाभ की राशि को दोगुना किया जाए। जिन श्रमिकों की आयु 60 वर्ष से अधिक है, उन्हें पेंशन दिया जाना चाहिए। बीड़ी मजदूरों के बच्चों के लिए शिक्षा के लिए अनुदान और स्कोलरशिप कम्प्लसरी कर दिया जाना चाहिए। कौशाम्बी, प्रतापगढ़ में लाखों की संख्या में बीड़ी मजदूर हैं, उनके लिए अलग से कम से कम 10 या 20 कमरों का अस्पताल बने, जिसमें एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और पेथोलोजी की व्यवस्था हो। प्रतापगढ़ की कुंडा तहसील मे ESIC अस्पताल के निर्माण की आवश्यकता है जिससे इनलोगों को समय पर इलाज मिल सके। इसलिए यहाँ पर अति शीघ्र ESIC अस्पताल का निर्माण करवाया जाए।

(iii) Need to make transportation of coal in Jharkhand in covered trucks and rail wagons compulsory

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): झारखंड के 24 में से 13 जिले कोयले के भंडार से समृद्ध हैं। हालांकि, अनियंत्रित खनन, कोयले के जलने और विशेष रूप से खानों से बिजली संयंत्रों तक खुले परिवहन के कारण, वायु प्रदूषण भी राज्य में गंभीर होता जा रहा है। यह राज्य में पर्यावरणीय संकट और सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरों का कारण बन रहा है।

खुले ट्रकों और रेलवे वैगनों में कोयले की ढुलाई झारखंड में एक आम दृश्य है, और परिवहन के दौरान निकलने वाली कोयले की धूल और अन्य प्रदूषकों से इन मार्गों के आसपास रहने वाले लोगों में श्वसन संबंधी समस्याएं, फेफड़ों के रोग और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। इसके अलावा, कोयले के खुले परिवहन से सड़कों, इमारतों, फसलों और जल निकायों पर कोयले की धूल का जमाव हो रहा है, जिससे प्राकृतिक संसाधन दूषित हो रहे हैं। यह जानवरों में भी स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है।

इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि झारखंड में कोयले के परिवहन के लिए ढके हुए ट्रकों और वैगनों के उपयोग को अनिवार्य करना चाहिए और उल्लंघन करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाना चाहिए। मैं सरकार से स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने का भी अनुरोध करता हूं।

(iv) Need to make treatment of cancer and other serious diseases affordable for lower and middle class

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): कैंसर और गंभीर रोगो के मरीजों का इलाज और दवाइया निशु:ल्क उपलब्ध कराने के संदर्भ में असम और नार्थ ईस्ट सहित देश में कैंसर रोग आज एक महामारी का रूप ले रहा है। विश्व स्वस्थ्य संगठन के मुताबित वर्तमान में दुनिया के 20 फीसदी कैंसर मरीज भारत में है। इस बीमारी के कारण हर साल 75000 लोगों की मौत होती है। हजारो लाखो परिवार महंगी इलाज के कारण आर्थिक मानसिक रूप से तबाह हो जाता है। असम सहित उतर पूर्वोतर क्षेत्र मे कैसर के रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। एक आकडे के अनुसार पिछले 10 वर्ष में 210 प्रतिशत कैंसर मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। यहाँ के मरीजों को कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वेल्लोर तथा देश के कोने कोने में भटकना पडता है। रोगी और उसके परिवार के लिए यह बहुत पीडादायक होता है। मैं भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से आग्रह करता हूँ कि निम्न और मध्यम वर्गीय परिवार को कैंसर सहित अन्य गंभीर रोगो का सही इलाज हेतु तथा महंगे खर्चे से राहत देने के लिए तुरंत व्यवस्था करनी चाहिए ।

(v) Need to construct by-pass roads at Kurukshetra Ladwa and Radaur in Haryana

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं सरकार का ध्यान ध्यान पटियाला से हरिद्वार जाने वाली सड़क की ओर दिलाना चाहता हूँ जो देश के चार राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को आपस में जोड़ती है। इस सड़क की कुल लम्बाई 223 किलोमीटर है जिसका अहम् हिस्सा मेरी लोकसभा के 5 बड़े शहरों पेहोवा, कुरुक्षेत्र, लाडवा, रादौर व यमुना नगर से होकर गुजरता है और देश के चार राष्ट्रीय राजमार्गी 152-D, 152, 44 व 344 को विभिन्न जगहों पर क्रॉस करता है। इस क्षेत्र के अधिकत्तर लोग किसान है और उनके उत्पाद के लिए यहाँ 3 चीनी की मीले, 5 अनाज मंडी, 5 सब्जी मंडी व हरियाणा की सबसे बड़ी लक्कड़ मंडी है। इसी मार्ग द्वारा व्यापारी भाई अपना माल देश के दूसरे भागों में भेजते हैं। इसके अलावा कुरुक्षेत्र, यमुना नगर, व पेहोवा जाने माने धार्मिक तीर्थ स्थल है जहाँ पर साल भर लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। इन्ही कारणों से यह मार्ग बहुत ज्यादा व्यस्त रहता है। कुरुक्षेत्र, लाडवा और रादौर में तो हर समय ट्रैफिक जाम लगा रहता है जिस कारण आये दिन यहाँ पर जानलेवा दुर्घटनाये होती रहती है। यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए इन शहरों के लिए रिंग रोड का निर्माण बहुत जरुरी है। हरियाणा के वर्तमान माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयत्नों से इस सड़क को भारत वर्ण माला-2 में शामिल कर लिया गया है लेकिन इसके तहत इस कार्य के शुरू होने में अभी काफी वक्त लगेगा।

मैं सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि कुरुक्षेत्र, लाडवा व रादौर में इस सड़क पर रिंग रोड जल्द से जल्द बनवाया जाए ताकि इस क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

(vi) Need to increase the honorarium of cooks employed in government schools

श्री छेदी पासवान (सासाराम): देश के सभी राज्यों एवं केन्द्रशासित क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयाँ सह सहायक कुशल मजदूर की श्रेणी में है जिन्हे मात्र 1000 (एक हजार) रू० मासिक मजदूरी के रूप में दिया जाता है, जो वर्तमान में महंगाई के दौर में बहुत ही कम है, जिसे बढ़ाने की अति आवश्यकता है।

अतः मैं अनुरोध करता हूँ कि बिहार राज्य के रोहतास एवं कैमूर जिला सहित देश के सभी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की श्रेणी के रूप में रखते हुए इनके मानदेय की मासिक राशि की बढ़ोतरी करने हेतु संबंधित मंत्रालय को निदेर्शित करने की कृपा की जाए।

(vii) Regarding doubling of Maksi-Ruthiyai Railway section in Madhya Pradesh

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): संसदीय क्षेत्र राजगढ़ कृषि प्रधान क्षेत्र हैं एवं यह आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य में स्थित है। यहाँ से इन्दौर, मुंबई, गुजरात, भोपाल, नागपुर, आगरा, दिल्ली का सीधा सड़क संपर्क होने के बाद भी यह क्षेत्र आजादी के 70 सालों से विकास के लिये आशान्वित रहा है। मोदी सरकार द्वारा आशान्वित से आकांक्षी स्वरूप दिया जाकर विगत वर्षों में सभी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण का संकल्प सिद्ध कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र मे पश्चिम-मध्य रेलवे के एकमात्र रेलखण्ड मक्सी- रुठीयाई रेलमार्ग को माननीय प्रधानमंत्री जी व रेलमंत्री द्वारा विद्युतीकरण की ऐतिहासिक सौगात दी गई है. इसी क्रम में रुठियाई से मक्सी रेलखंड का दोहरीकरण सर्वे आदि की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होकर स्वीकृति लिये लंबित है, जिसकी स्वीकृति होने से सारंगपुर, ब्यावरा, पचोर, नरसिंहगढ़, चांचौड़ा, कुम्भराज, रुठियाई सहित समस्त राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के लाखों लोगों एवं व्यापारी वर्ग को दिल्ली से मुंबई तक की सीधी सस्ती व कम दूरी की अनेक रेल सेवाओं का लाभ मिल सकेगा एवं रेलवे को भी मालढुलाई के लिए फास्ट ट्रैक मिल सकेगा जिससे राजगढ़ के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

अतः राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जन आकांक्षाओं के अनुरूप माननीय रेलमंत्री जी से मक्सी-रूठीयाई रेलखण्ड के दोहरीकरण की स्वीकृति हेतु अनुरोध करता हूँ।

(viii) Regarding construction of ring road in Siddharthanagar district, Uttar Pradesh

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज अंतर्गत सिद्धार्थनगर की ओर दिलाना चाहता हूं। सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है जहां उन्होंने अपने जीवन के पहले 29 वर्ष बिताए थे। सिद्धार्थनगर को नीति आयोग द्वारा लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के आधार पर 112 आकांक्षी जिलों के रूप में भी पहचाना की गई। सिद्धार्थनगर के लोग आदरणीय प्रधानमंत्री जी के सिद्धार्थनगर को एक आकांक्षी जिले के रूप में पहचानने और जिले में विकास और समृद्धि लाने के लिए उनके राष्ट्रीय प्रयासों और दृष्टि और नेतृत्व प्रदान करने के लिए बेहद सराहना और आभारी हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 2024 तक भारत की सड़कों और राजमार्गों को अमेरिका की तरह बनाने का संकल्प जल्द ही पूरा होगा। मैं अनुरोध करता हूं कि सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर के बाहरी इलाके में रिंग रोड बनाने की आवश्यकता है। रिंग रोड से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी और पर्यटकों को सुगमता से यात्रा करने में मदद मिलेगी। रिंग रोड सिद्धार्थनगर के आसपास के जिलों को जोड़ने में भी मदद करेगी और यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करेगा।

(ix) Need to establish a medical college in Aurangabad, Bihar

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): शिक्षा देश के विकास और प्रगति की रीढ़ है और चिकित्सा विज्ञान का अध्ययन ऐसे बेहतर तरीकों में एक है । हाल में ही नीति आयोग ने औरंगाबाद में एक मेडिकल कॉलेज के स्थापना की सिफ़ारिश की हैं । औरंगाबाद वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित और आकांक्षात्मक जिला हैI NH-19 एवं NH-98 पर स्थित औरंगाबाद बिहार के रोहतास, अरवल, गया, और झारखण्ड के पलामू, चतरा ज़िलों से जुड़ा हैं। औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज खुलने से एक बड़ी आबादी को लाभ होगा । देश और विशेष रूप से बिहार में मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता हैं, क्योंकि प्रतिवर्ष हज़ारों छात्र मेडिकल की पढ़ाई हेतु दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह मेडिकल कॉलेज बिहार और झारखण्ड के युवाओं के लिए उपयोगी होगा। उक्त मेडिकल कॉलेज के लिए उपयुक्त भूखंड की कमी के कारण मैंने अपनी खुद की 20 एकड़ ज़मीन मुफ्त उपलब्ध कराने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया हैं। केंद्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि केन्द्रीय बजट से कॉलेज का निर्माण कराये।

(x) Need to include blocks in Latur district of Maharasthra under the Aspirational Blocks Programme

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): महाराष्ट्र का लातूर जिला विगत तीन दशकों से प्रकृति की मार झेल रहा है। 1993 का भीषण भूकम्प, तीन दशकों का भीषण सूखा तथा पिछले दो सालों से अति वृष्टि के कारण यहां की खेती पूरी तरह बरबाद हो गई है, पानी की कमी के कारण यहां से सारे उद्योग पलायन कर चुके हैं एवं उद्योगों के अभाव में यहां भारी बेरोजगारी फैली हुई है। पिछले दो सालों की अति-वृष्टि के कारण यहां के पहले से ही बरबाद किसानों की खड़ी फसलें बरबाद हो गई, सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों मवेशी बाढ़ में बह गए तथा हजारों मकान अति-वृष्टि के कारण पूरी तरह टूट गए अथवा बाढ़ में बह गए हैं। अब इस जिले की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बरबाद हो गई है।

अब यह महाराष्ट्र के पिछड़े जिलों में गिना जाता है। इस जिले को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्विकसित किए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है। बड़ी खुशी की बात है कि सरकार ने एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक प्रोग्राम के तहत अब देश भर में 500 ब्लॉकों को चयन करने का फैसला किया है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा। मेरा लातूर जिला इस दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर जिले के अहमदपुर, चाकूर, देवनी, जलकोट, उडगीर व निलंगा ब्लॉकों को इस योजना के तहत विकास हेतु शामिल करके वहां विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत ढांचे का विकास किया जाए एवं इसके त्वरित विकास हेतु विशेष फंड उपलब्ध करवाकर इस जिले के चहुंमुखी विकास हेतु कदम उठाए जाएं ताकि यहां से पलायन कर चुके उद्योग धंधे वापस लौटें, नौजवानों को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हों, खेती को पुनर्जीवित किया जाए और परिणामस्वरूप यहां की अर्थव्यवस्था पुन: पटरी पर लौट सके।

(xi) Need to include Rajasthani language in the Eighth Schedule to the Constitution

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैं संविधान की आठवीं अनुसूची में करोडो राजस्थानियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को सर्वैधानिक मान्यता देने के सम्बन्ध में ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

"हेलो मायड़ भाषा रो" अभियान के तहत अनेक वर्षो से सार्वजनिक मंचो पर यह मांग उठाई जा रही है। राजस्थानी भाषा बहुत प्राचीन है और इसका अपना एक अलग ही समृद्ध इतिहास और साहित्य है जिसे देश व विदेश में10 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। इस भाषा को देश प्रदेश की कई साहित्यिक अकादमियों ने मान्यता दी हैऔर कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भी यह शामिल है।राजस्थानी फ़िल्में बहुत लोकप्रिय है और इस भाषा की मिठास और लोकगीत, भजन, धारावाहिक आदि भी जनप्रिय है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि "एक बच्चा अपनी मातृभाषा में सबसे ज्यादा सीखता है"। राजस्थानी भाषा के लिए राजस्थान विधान सभा द्वारा वर्ष 2003 में सर्वसम्मति से संकल्प पारित कर संसद को भेजा गया था और तत्कालीन गृहमंत्री ने 17 दिसंबर, 2006 को राजस्थानी भाषा को मान्यता देने के लिए आश्वासन दिया था। राजस्थानी भाषा की लोकप्रियता को देखते हुए इसे आठवीं अनुसूची में शामिल करने से देश के सबसे बड़े भूभाग वाले प्रान्त राजस्थान के करोड़ो लोगो की भावानाओ को उचित सम्मान मिलेगा और राजभाषा हिंदी के विकास और संरक्षण में मदद मिलेगी।

(xii) Need to establish a National Centre of Excellence for sports persons in Jaipur, Rajasthan

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): राजस्थान खेल एवं खिलाडियों का प्रदेश है। राजस्थान राज्य ने देश को कई अन्तराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी दिये है । राजस्थान के कई प्रसिद्व खिलाडियों ने ओलंपिक जैसी सर्वोच्च स्पर्धाओं में कप्तानी भी की है।

मेरा संसदीय क्षेत्र जयपुर राजस्थान की राजधानी है। वहा खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की आवश्यकता है। वर्तमान में जयपुर में केवल एक ही साई (स्पोर्टस अथोरिटी ऑफ इंडिया) का ट्रेनिंग सेंटर है। जहां पर केवल 5 ही खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है ।

जयपुर में नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलने से खिलाडियों को अच्छी सुविधाओं के साथ बेहतर प्रशिक्षण भी मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर और भी अच्छा प्रदर्शन कर विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकेगें।

मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर में अविलम्ब नेशनल सैंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाये जाने की कृपा करें।

(xiii) Need to check the effects of erosion on coal depot at Gourhati Ghat along Railway Goods Warehouse

SHRIMATI LOCKET CHATTERJEE (HOOGHLY): Coal Depot at Gourhati Ghat under Chapdani Municipality, adjacent to my Hooghly Lok Sabha constituency, adjacent to the Ganga along the Railway Goods Warehouse is prone to erosion. As a result, houses, roads and ghats of the Ganges in the area are going to sink into the river. In that situation, I would like to request the Hon'ble Union Minister of Jal Shakti to pay special attention to the issue on priority basis so that the residents of the area will be saved from this erosion.

(xiv) Regarding refund of money to people who invested in Pearls Agrotech Corporation Limited

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): PACL (पर्ल्स एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लि.) में करोड़ो निवेशको (5 करोड़ 85 लाख निवेशक) का भुगतान अटक गया है। यह गरीब, एवं किसान व मजदूर वर्ग से आते है । सरकार की मंशा चूंकि निवेशको को भुगतान दिलाने की है इसलिए मैं यह आग्रह कर रहा हूँ कि वर्तमान में जो भुगतान राशि की सीमा है वो 17 हजार रूपये है वो भी सभी निवेशको को नही मिल रहा है। जिनके दस्तावेज जमा हुये है उसमे से बीस प्रतिशत निवेशको को ही भुगतान मिला है। अन्य को भुगतान जल्दी मिले इस हेतु कार्यवाही का आग्रह करता हूँ इसके साथ ही कम्पनी ने 2014 - 2015 में बड़ी संख्या में निवेशको के दस्तावेज अपने पास जमा कर लिये उनका भुगतान आज दिनांक तक नही किया गया है एवं दस्तावेज भी कम्पनी के पास ही है, यह गंभीर विषय है। सरकार से इस पर संज्ञान लेने का आग्रह करता हूँ वर्तमान में जो भुगतान की सीमा है उसे तेजी से बढाई जावे (एक लाख तक) ताकि अधिकांश लोगो को भुगतान मिल सके क्योकि निवेशको का अधिक पैसा जमा है।

(xv) Regarding opening of Land Customs Station in Kuliang village, Jaintia Hills

SHRI VINCENT H. PALA (SHILLONG): Opening Land Custom Stations through a river has been a demand by the people of the villages to facilitate more import and export of their goods and services. People from Meghalaya mainly earn their living by indulging in mining activities. The export of coal and limestones feed thousands of people. Kuliang village is located in Jaintia Hills. It is the most suitable place to open land customs station through the river Lukha which can be best used to export limestone and coal, including other items between India and Bangladesh. Therefore, I demand the opening of Land Custom station in Kuliang village through river Lukha. This project should be initiated and opened as soon as possible. Additionally, all facilities like electricity, and law and order-related issues should be organized immediately. This development will pave the way for millions of poor people involved in mining activities. It will be a blessing for the people of Jaintia Hills in particular and the overall development of the States in the North-East.

(xvi) Regarding Kishanganj – Jalalgarh Raiway line project

DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ): I want to draw the attention of the Hon'ble Ministry of Railways towards an issue related to railways in my Kishanganj Parliamentary constituency. Due to absence of a railway line between Kishanganj and Jalalgarh, people are facing huge inconvenience. Thus, it would be a priority project for development. This project will benefit a large number of people in Seemanchal region and parts of West Bengal. The request for the construction of the same has been made for many years now and yet no progress has been made.

Therefore, I request the Hon'ble Minister of Railways to look into the Kishanganj Jalalgarh project and help the people of one of the most backward regions of the country to grow socially and economically. Therefore, it is further requested that immediate attention may be paid to sanction the construction of Kishanganj-Jalalgarh railway line starting this financial year 2023-2024.

(xvii) Need to address Solid Waste Management treatment in the country

SHRI K. MURALEEDHARAN (VADAKARA): A pungent smell of burnt plastic is haunting Kerala's commercial capital Kochi even a fortnight after the Brahmapuram Waste Management Plant under the City Corporation caught fire. The garbage mounds pose severe challenges to Solid Waste Management in the State. The state of the rest of India too is not satisfactory. Swachh Bharat Abhiyan, a flagship programme of the Government of India aimed at freeing the country from open defecation was launched in 2019. But the Mission does not address the need to rework the underground sewage system and the eradication of manual scavenging and the rehabilitation of manual scavengers. According to the Multiple Indicator Survey by the Ministry of Statistics and Program Implementation, 21.3% of rural households had no access to a toilet-whether a latrine exclusively for the household, a common-use facility for the building, or a community toilet. In 2019, Hon'ble Prime Minister declared rural India as open-defacation free during a Swachh Bharat Diwas program. Hence, I request the Government of India to address the menace of solid waste in an effective way using modern technology. Manual scavenging, which is highly prevalent in India, must be eradicated and workers must be rehabilitated.

(xviii) Regarding setting up of a Defence Research Centre in Dharmapuri Parliamentary Constituency

DR. DNV SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): I would like to draw the attention of the Government regarding the initiative taken by the DRDO for setting up Defence Research Centre in my Dharmapuri Parliamentary Constituency which was proposed during 2010 at Dharmapuri, Tamil Nadu. The State Government and District Administration has, for the said purpose, identified the land at Nekkundhi village, Dharmapuri District. The DRDO officials had also inspected the said site. Nevertheless, the proposed project has not yet commenced. Dharmapuri being an industrially backward area, the role of this project as an employment generator and help in aiding the district to industrially rich area becomes important. As estimated, this DRDO research centre will generate employment for 15,000 people and will act as a push to 'Make in India' initiative. I would, therefore, urge upon the Hon. Minister of Defence to direct the DRDO to forthwith commence the work towards expediting the proposed project and commence the research centre for betterment of Dharmapuri District.

(xix) Regarding effective implementation of Samagra Shiksha Scheme to tackle problems of school dropouts

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH): I am raising a very serious concern i.e. children dropping out of school which needs to be addressed. The Ministry of Education has reported that 9.30 lakh elementary-level children are not enrolled in schools in India, with more boys than girls being out of school. A total of 9,30,531 elementary school-aged children are out of school in India, including 5.02 lakh boys and 4.27 lakh girls. Uttar Pradesh has the highest number of out-of-school children at 3.96 lakh, followed by Bihar at 1.34 lakh and Gujarat at 1.06 lakh. This huge number of dropouts indicated the gaps in implementation of the Samagra Shiksha Scheme thereby endangering the future of children in our country. This makes children vulnerable to labour and trafficking. I request the Hon'ble Minister of Education to take effective steps for better implementation of this scheme by identifying school dropouts and mainstream them in formal education.

(xx) Regarding proper implementation of ban on single use plastic

SHRI SRIDHAR KOTAGIRI (ELURU): As per Ministry of Environment, Forest and Climate Change notification No. G.S.R.57(E) dated 12.08.21, from July 1, 2022, India banned single-use plastic (SUPs) items that have low utility but are frequently littered around, such as plastic, straws, cutlery and cigarette packets. However, even after several months since the ban came into effect, little had moved on the ground. Several banned plastic items are still seen in circulation in marketplaces, eateries and other public places. Vendors have been reported saying that there has neither been any punitive action nor any advisory to stop using these products and that these products are available wholesale as usual. The continuing usage of these plastic items is contributing to 3.5 million tonnes of plastic generated in India annually, a majority of which stays uncollected resulting in pollution of our ecosystem. Thus, effective implementation of the announced ban is required with environment-friendly alternatives to these products. In this regard, I urge upon the Government to take the appropriate steps in line with the ban announced by our Hon'ble Prime Minister as well as to look into issuing notices to the handful of Cigarette manufacturers making and/or selling in India not to use any plastic material in the packaging in any form and to shift to environment-friendly alternatives.

(xxi) Regarding pollution in Mumbai Metropolitan Region

SHRI RAHUL RAMESH SHEWALE (MUMBAI SOUTH-CENTRAL): Mumbai Metropolitan Region has been facing worst pollution crisis. Mumbai is one of the high-risk cities facing the worst impacts of climate change. There is a need to re-think the ways in which development is carried out by Central and State Governments in the climate change scenario in Mumbai. Coordinated efforts of Central as well as State Governments for data monitoring and management will help us make city clean. It is found that more than 50 percent of the city pollution is due to the sudden surge of construction activities on State and Central Government lands, increased vehicular emissions and changes in wind speed this winter. Central Government needs to intervene and take immediate measure to prevent further deterioration. Holistic approach is needed to tackle the pollution crisis across Mumbai Metropolitan Region. If all Government agencies coordinate and work towards this common cause, it will address Mumbai's rising pollution crisis and will make the city once again a better place to live in. Like the NCR, Government must also form a Commission for Air Quality Management to monitor pollution levels and also to formulate graded responses action plans to tackle pollution levels in Mumbai.

(xxii) Need to include Supaul district in the Aspirational Districts Programme

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल, बिहार का सीमावर्ती बाढ़ग्रस्त तथा अतिपिछड़ा जिला है। सुपौल की जनसँख्या 26 लाख के करीब है तथा सुपौल की जनता की आय का मुख्य स्त्रोत कृषि है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण शिक्षा, रोजगार, यातायात परिवहन तथा मरीजों के इलाज के लिए अच्छे अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाओं की बहुत कमी है। ऐसी तमाम सुविधाओं को प्रदान करने के लिए मानवीय आधार पर जनहित में सुपौल जिला को नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिला में शामिल करने की कृपा की जाए।

(xxiii) Regarding issues pertaining to management of Covid in Odisha

KUMARI CHANDRANI MURMU (KEONJHAR): Public hearing plays an important part towards development of local areas where industries and mines are located or about to be set up to address environmental issue. People have their own concerns especially when business and environmental become the point of contention.

During the Covid period, norms were laid down for conducting Public Hearing across the country. There were restrictions on the number of people who attended the hearings. Now the point is whether the norms were followed in Odisha and elsewhere in the country. Did the District Administration along with the Pollution Control Board of Odisha maintain records of the persons who attended the proceedings and whether Covid test certificate was taken from the public. If not, then, there is a possibility of spread of Covid after such hearings. Some doubts have come up from various sections that norms were not followed during the hearings.

Therefore, to negate all suspicions, I urge upon the Hon'ble Minister for Environment, Forests and Climate Change to share the list of those attendees in Public Hearings along with the negative Covid test certificate so that clarity be brought and all speculation be put to rest. I would also like the norms to be shared.

(xxiv) Need to establish a Central Agriculture University in Azamgarh, Uttar Pradesh and start operation of flights from the Manduri Airport

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): जनपद आजमगढ़ मुख्यतः कृषि व्यवसाय पर आधारित जिला है, यहां कृषि क्षेत्र की संभावनाएं व्यापक हैं जिसमें उद्यमशील कृषि आधारित फसलो के लिए बहुत से नए रास्ते खोजे जा सकते हैं। जिसमें उद्यमशील फसलों के संवर्धन संरक्षण एवं प्रसंस्करण के माध्यम से मशरूम, सब्जियां, मोटे अनाज, गन्ना, मिर्चा की खेती, सनई बागवानी की उद्यमशील खेती का उन्नयन एवं आजमगढ़, बुढ़नपुर, रानी की सराय, ठेकमा,निजामाबाद तहसील के किसानों का संरक्षण हो सके एवं पूर्वांचल में कृषि विकास को ध्यान में रखते हुए आजमगढ़ में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना आवश्यक रूप में हो, इस पर सरकार को आजमगढ़ को केंद्र मानकर इसको अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए तभी सुल्तानपुर ,अंबेडकरनगर, मऊ ,बलिया, देवरिया, गाजीपुर, जौनपुर यह सभी ग्रामीण इलाके इन विश्वविद्यालयों से लाभान्वित हो सकेंगे।

अभी लालगंज में कृषि विज्ञान केंद्र खुला है और कोटवा में कृषि विज्ञान केंद्र है और जनपद में कृषि महाविद्यालय भी हैं इसी महाविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाए और साथ ही मंडूरी हवाई अड्डे को शीघ्र संचालित किया जाए। उद्योग आधारित कृषि खेती को बढ़ावा देने के विशेष क्षेत्र को घोषित किया जाए और कमर्शियल क्रॉप्स जैसे मशरूम, सनई, मिर्चा , गन्ना,मोटे अनाज बागवानी को बढ़ावा दिया जा सके।

(xxv) Regarding four laning of NH between Khagaria and Purnia and expeditious construction of NH No. 107 in Bihar

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मैं भारत सरकार का ध्यान खगड़िया लोकसभा के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 से जुड़े अति महत्वपूर्ण समस्या की और आकर्षित करना चाहता हूं। यह राजमार्ग उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और असम को जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग है। इस राज्य मार्ग को बिहार के बेगूसराय जिला से खगड़िया तक फोरलेन किया जा रहा है, जो कि लगभग पूर्ण होने वाला है। परंतु खगड़िया से पूर्णिया तक फोरलेन नहीं होने के कारण आम जनता को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। खगड़िया-पूर्णिया खंड पर यातायात का भार अधिक हो गया है जिससे आए दिन सड़क दुर्घटना की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ यातायात जाम की समस्या भी बनी रहती है। यदि खगड़िया से पूर्णिया तक फोर लेन का निर्माण हो जाता है तो इन सभी समस्या से निजात मिल जाता। महेशखूंट बेलदुर सिमरी बख्तियार होते हुए राजमार्ग संख्या 107 का निर्माण हो रहा है जिसकी गति काफी धीमी है। स्थानीय जनता द्वारा गुणवत्ता पर अक्सर सवाल उठाया जाता है। अतः भारत सरकार से मांग है कि खगडिया से पूर्णिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन बनाया जाए और राजमार्ग संख्या 107 के कार्य को जल्दी करते हुए गुणवत्ता की भी जांच अपने स्तर से कराई जाए।

(xxvi) Regarding re-modelling of Guntur yard

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): People of Guntur are grateful for sanction of work for re-modelling Guntur Yard with an estimated Rs. 125 crore, to avoid the existing bottlenecks to deal with traffic by Guntur Yard from all four sides – Secunderabad, Nandyal, Vijayawada and Tenali. It helps to improve/create infrastructure for handling present and future traffic without detaining trains and birthing of 24 coach passenger trains on all platforms of Station. Railway stations are growth points and Railways have taken conscious decision for improving Guntur Railway station and also selecting Mangalagiri Railway station for development for providing services to passengers and pilgrims of Lord Lakshmi Narasimha. People of Guntur are, indeed, grateful that these are being taken up under Atmanirbhar Station Scheme. I appeal to the Hon'ble Minister of Railways to complete the above works in fixed timeframe, so that facilities can be availed by people of Guntur and its surrounding areas.

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही मंगलवार दिनांक 21 मार्च, 2023 को प्रात: ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

14.16 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, March 21, 2023/ Phalguna 30, 1944 (Saka)

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business
in Lok Sabha (Sixteenth Edition)